
सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# यूट्यूब पर डीडी इंडिया के 2 लाख, प्रसार भारती के 20 मिलियन सदस्य ग्राहक

Posted On: 09 MAY 2022 5:57PM by PIB Delhi

प्रसार भारती के अंग्रेजी समाचार चैनल डीडी इंडिया ने हाल के महीनों में टीवी और डिजिटल दोनों प्लेटफार्म पर अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है। यूट्यूब पर इसके सदस्य ग्राहकों (सब्स्क्राइबर) की संख्या 2 लाख से ज्यादा हो गयी है। टीवी पहुंच के मामले में, डीडी इंडिया देश का नंबर एक अंग्रेजी न्यूज चैनल बन गया है। नवीनतम बीएआरसी आंकड़ों के अनुसार, डीडी इंडिया 8 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंचा, जो अंग्रेजी समाचार श्रेणी में सबसे अधिक है। इसका निकटतम प्रतिद्वंदी, डीडी इंडिया की पहुँच के आधे पर ही सीमित रहा। यहां तक कि डीडी इंडिया के दर्शकों की संख्या में भी लगातार साप्ताहिक वृद्धि देखी गई है, जिसने पिछले आठ सप्ताह में लगभग 150 प्रतिशत की कुल वृद्धि दर्ज की है।




डीडी इंडिया को जनवरी, 2019 में प्रसार भारती द्वारा लॉन्च किया गया था। अपने कार्यादेश पर खरा उतरते हुए, डीडी इंडिया अब सैटेलाइट, ओटीटी प्लेटफॉर्म और न्यूज़ऑनएयर ऐप के माध्यम से 190 से अधिक देशों तक पहुंच गया है और इसके साथ ही यह दुनिया के लिए भारत के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक आसान व सुलभ

माध्यम बन गया है। अपने गंभीर विश्लेषण और कमेंट्री, विचारोत्तेजक विचारों / राय तथा अत्याधुनिक दृश्य प्रस्तुति के माध्यम से इसने भारत से संबंधित मुद्दों पर पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित करने वाले माध्यम के रूप में खुद को स्थापित किया है।

निम्न सारणी में प्रस्तुत किया गया है कि कैसे डीडी इंडिया समय के साथ नंबर एक अंग्रेजी समाचार चैनल बन गया:

| **समयावधि** | **महत्वपूर्ण पड़ाव** |
|---|---|
| जनवरी 2019 | प्रसार भारती बोर्ड से मंजूरी के बाद, डीडी इंडिया को एक अंग्रेजी समाचार चैनल के रूप में लॉन्च करने की प्रक्रिया शुरू हुई |
| फरवरी 2019 | डीडी न्यूज को हिंदी न्यूज चैनल और डीडी इंडिया को इंग्लिश न्यूज चैनल के रूप में अलग करके की प्रक्रिया शुरू हुई |
| सितंबर 2019 | डीडी इंडिया को दक्षिण कोरियाई सार्वजनिक प्रसारक केबीएस के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पेश किया गया |
| सितंबर 2019 | बांग्लादेश में निजी केबल ऑपरेटरों ने अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से डीडी इंडिया का प्रसारण शुरू किया |
| फरवरी 2020 | तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत यात्रा का डीडी इंडिया द्वारा किये गए कवरेज को कई विदेशी टीवी चैनलों द्वारा दिखाया गया |
| मार्च 2020 | डीडी इंडिया को एक पूर्ण अंग्रेजी समाचार चैनल के रूप में लॉन्च किया गया - डीडी न्यूज को हिंदी चैनल के रूप में और डीडी इंडिया को अंग्रेजी न्यूज चैनल के रूप में अलग करने का काम पूरा किया गया। डीडी इंडिया का प्रोडक्शन और शो डीडी न्यूज से पूरी तरह अलग है |
| जनवरी 2021 | डीडी इंडिया को यूएस, यूके और कनाडा में हॉटस्टार पर लॉन्च किया गया |
| जनवरी 2021 | यूएस के 23 राज्यों में प्रसारण के लिए आईटीवी पर डीडी इंडिया को लॉन्च किया गया |
| जनवरी 2022 | स्लोवेनिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री के डीडी इंडिया साक्षात्कार को अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा व्यापक रूप से उद्धृत किया गया था |
| फरवरी-मार्च 2022 | रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन गंगा को कवर करने के लिए डीडी इंडिया के संवाददाता यूक्रेन के 4 पड़ोसी देशों में तैनात थे। |

| | |
|---|---|
| मार्च 2022 | 130 से अधिक देशों में वितरण के लिए युप्प टीवी पर लॉन्च किया गया |
| अप्रैल 2022 | पहुंच के मामले में डीडी इंडिया देश का नंबर वन अंग्रेजी न्यूज चैनल बन गया |
| अप्रैल-मई 2022 | डीडी इंडिया ने 8 हफ्तों में दर्शकों की संख्या में लगभग 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। डीडी इंडिया के यूट्यूब चैनल की यूट्यूब पर सदस्य ग्राहकों की संख्या 2 लाख से ज्यादा हुई |

डीडी इंडिया भारत और दुनिया भर में फैले प्रवासी भारतीयों के बीच एक सेतु का भी काम करता है। चैनल अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को सभी घरेलू और वैश्विक घटनाक्रमों पर भारत का दृष्टिकोण प्रदान करता है। डीडी इंडिया पर सबसे अधिक देखे जाने वाले कुछ कार्यक्रम हैं - इंडिया आइडियाज, वर्ल्ड टुडे, इंडियन डिप्लोमेसी, डीडी डायलॉग, न्यूज नाइट आदि। डीडी इंडिया देखने के लिए नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

डीडी इंडिया के अलावा, देश भर में प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म, साथ मिलकर विकास की एक शानदार कहानी लिख रहे हैं, जिसके तहत इसके कई यूट्यूब चैनल पहले से ही मिलियन क्लब में हैं और कई अन्य, इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के करीब पहुंच गए हैं। इसके साथ ही यूट्यूब के लिए कुल सदस्य ग्राहकों की संख्या 2 करोड़ से ज्यादा हो गयी है।

प्रसार भारती के 190+ यूट्यूब चैनलों में से, क्षेत्रीय चैनल, विशेष रूप से दक्षिण और पूर्वोत्तर के चैनल, सबसे नए हैं और सबसे तेज़ से उभरने वाले चैनल हैं।




*****

**एमजी / एएम / जेके /वाईबी**

(Release ID: 1824011) Visitor Counter : 17

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Punjabi , Tamil